Chapter
29
केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप

प्रस्तावना (Introduction)

सांख्यिकी में चर श्रेणी के वितरण गुण एवं केन्द्रीय मान को बताने वाली श्रेणी को सांख्यिकी श्रेणी का केन्द्रीय माप कहते हैं।

निम्नलिखित पाँच मापों को केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप कहते हैं।

(1) समान्तर माध्य (2) गुणोत्तर माध्य (3) हरात्मक माध्य
(4) माध्यिका (5) बहुलक

समान्तर माध्य (Arithmetic mean)

समान्तर माध्य सबसे महत्वपूर्ण गणितीय माध्य है।

"होरेस सेरिस्ट" (Horase secrist) के अनुसार, "समान्तर माध्य चर का वह मान है जो दिये हुये पदों के योगफल में पदों की संख्या से भाग देने पर प्राप्त होता है।"

(1) **जब आँकड़े अवर्गीकृत हैं**

(i) **प्रत्यक्ष विधि :** यदि चर x के n मान $x_1, x_2, x_3, ..., x_n$ हैं, तब समान्तर माध्य $\bar{x}$ निम्न प्रकार प्राप्त होता है।

$$\bar{x} = \frac{\text{श्रेणी का योग}}{\text{पदों की संख्या}},$$

अर्थात् $\bar{x} = \frac{x_1 + x_2 + x_3 + ... + x_n}{n} = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n} x_i$

(ii) **लघु विधि :** समान्तर माध्य $(\bar{x}) = A + \frac{\sum d}{n}$,

जहाँ, A = कल्पित माध्य,

d = कल्पित माध्य से विचलन = $x - A$, जहाँ x प्रत्येक पद का मान है।

Σd = विचलनों का योग तथा n = पदों की संख्या है।

(2) **जब आँकड़े वर्गीकृत हों**

(i) **प्रत्यक्ष विधि :** यदि दी गई श्रेणी के पद $x_1, x_2, ..., x_n$ तथा संगत बारम्बारता $f_1, f_2, ... f_n$ है, तब

$$\text{समान्तर माध्य } \bar{x} = \frac{f_1x_1 + f_2x_2 + ... + f_nx_n}{f_1 + f_2 + ... + f_n} = \frac{\sum_{i=1}^{n} f_i x_i}{\sum_{i=1}^{n} f_i}.$$

(ii) **लघु विधि :** समान्तर माध्य $(\bar{x}) = A + \frac{\sum f(x-A)}{\sum f}$

जहाँ A = कल्पित माध्य, f = बारम्बारता तथा $x - A$ = प्रत्येक पद का कल्पित माध्य से विचलन

(3) **समान्तर माध्य के गुण**

(i) समान्तर माध्य से किसी समूह के मानों के विचलनों का बीजगणितीय योग शून्य होता है। यदि x_i / f_i जहाँ i = 1, 2, ...,n बारम्बारता बंटन है, तब $\sum_{i=1}^{n} f_i(x_i - \bar{x}) = 0$ जहाँ $\bar{x}$ बंटन का माध्य है।

(ii) समान्तर माध्य के परितः समूह के मानों के विचलनों के वर्गों का योग न्यूनतम होता है।

(iii) **संयोजित श्रेणी का माध्य :** यदि $n_i, (i = 1, 2, ..., k)$ आकार की k-अवयवों की श्रेणी के माध्य क्रमशः $\bar{x}_i, (i = 1, 2, ..., k)$ हों, तो घटक श्रेणी के अवयवों को मिलाने पर संयोजित श्रेणी का माध्य $\bar{x}$ निम्न सूत्र से प्राप्त होता है।

$$\bar{x} = \frac{n_1\bar{x}_1 + n_2\bar{x}_2 + ... + n_k\bar{x}_k}{n_1 + n_2 + ... + n_k} = \sum_{i=1}^{n} n_i\bar{x}_i \Big/ \sum_{i=1}^{n} n_i .$$

गुणोत्तर माध्य (Geometric mean)

यदि किसी चर x के n मान $x_1, x_2, x_3, ..., x_n$ हैं, जिनमें कोई भी शून्य नहीं है, तब गुणोत्तर माध्य निम्न प्रकार प्राप्त होता है $\text{G.M.} = (x_1.x_2.x_3...... x_n)^{1/n}$

$$\Rightarrow \log(\text{G.M.}) = \frac{1}{n}(\log x_1 + \log x_2 + ... + \log x_n) .$$

बारम्बारता बंटन की स्थिति में, यदि किसी चर x के n मानों $x_1, x_2, ..., x_n$ की बारम्बारतायें क्रमशः $f_1, f_2, ..., f_n$ हैं, तब गुणोत्तर माध्य $(\text{G.M.}) = (x_1^{f_1}.x_2^{f_2} ..... x_n^{f_n})^{1/N}$, जहाँ $N = f_1 + f_2 + ... + f_n$.

हरात्मक माध्य (Harmonic mean)

n पदों $x_1, x_2, ..., x_n$ का हरात्मक माध्य

$$\text{H.M.} = \frac{n}{\frac{1}{x_1} + \frac{1}{x_2} + ... + \frac{1}{x_n}}.$$

यदि बारम्बारता बंटन क्रमशः $f_1, f_2, f_3, ..., f_n$ हैं, तब

$$\text{H.M.} = \frac{f_1 + f_2 + f_3 + ... + f_n}{\left(\frac{f_1}{x_1} + \frac{f_2}{x_2} + ... + \frac{f_n}{x_n}\right)}$$

माध्यिका (Median)

किसी समूह या श्रेणी के सभी पदों को उनके मान के अनुसार आरोही या अवरोही क्रमों में रखने पर प्राप्त मध्य पद का मान माध्यिका कहलाता है।

माध्यिका श्रेणी को इस प्रकार दो भागों में विभाजित करती है कि इनमें से एक भाग के पदों का मान मध्य पद के मान से कम तथा दूसरे भाग के पदों का मान मध्य पद के मान से अधिक होता है।

(1) **माध्यिका की गणना** (Calculation of median) :

(i) **अवर्गीकृत आँकड़ों या श्रेणी से माध्यिका ज्ञात करना :** सर्वप्रथम आँकड़ो को आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित करते हैं। माना प्रेक्षणों की संख्या n है।

यदि n विषम है, तब माध्यिका $= \left(\frac{n+1}{2}\right)$ वाँ पद का मान

यदि n सम है, तब माध्यिका

$= \frac{1}{2}\left[\left(\frac{n}{2}\right)\text{वाँ पद का मान} + \left(\frac{n}{2}+1\right)\text{वाँ पद का मान}\right]$

(ii) **असतत् या भिन्न श्रेणी :** सर्वप्रथम आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित चरों की संचयी बारम्बारता ज्ञात करते हैं, तत्पश्चात् निम्न प्रकार से माध्यिका ज्ञात करते हैं।

माध्यिका $= \left(\frac{n+1}{2}\right)$ वाँ प्रेक्षण, जहाँ n संचयी बारम्बारता है।

(iii) **वर्गीकृत आँकड़ों या श्रेणी से माध्यिका ज्ञात करना**

(a) **आरोही क्रम में श्रेणी के लिये :**

माध्यिका $= l + \frac{\left(\frac{N}{2} - C\right)}{f} \times i$

जहाँ l = माध्यिका वर्ग की निम्न सीमा

f = माध्यिका वर्ग की बारम्बारता

N = समस्त बारम्बारताओं का योग

i = माध्यिका वर्ग की चौड़ाई (width)

C = माध्यिका वर्ग से पूर्व तक की सभी बारम्बारताओं का योग

(b) **अवरोही क्रम में श्रेणी के लिये :** माध्यिका $= u - \left(\frac{\frac{N}{2} - C}{f}\right) \times i$,

जहाँ u = माध्यिका वर्ग की उच्च सीमा, $N = \sum_{i=1}^{n} f_i$

माध्यिका किसी बंटन को दो बराबर भागों में विभाजित करती है, इसी प्रकार चतुर्थक (quartiles), पंचमक (quantiles), दशमक (deciles) तथा शतमक (percentiles) किसी बंटन को क्रमशः 4, 5, 10 तथा 100 भागों में विभाजित करते हैं। jवाँ चतुर्थक निम्न प्रकार से ज्ञात करते हैं।

$$Q_j = l + \left(\frac{j\frac{N}{4} - C}{f}\right) i; j = 1, 2, 3.$$

Q_1 निम्न चतुर्थक, Q_2 माध्यिका तथा Q_3 उच्च चतुर्थक कहलाता है।

(2) **निम्न चतुर्थक** (Lower quartile) :

(i) **असतत् श्रेणी के लिये :** $Q_1 = \left(\frac{n+1}{4}\right)$ वाँ पद का आकार

(ii) **सतत् श्रेणी के लिये :** $Q_1 = l + \frac{\left(\frac{N}{4} - C\right)}{f} \times i$

(3) **उच्च चतुर्थक** (Upper quartile) :

(i) **असतत् श्रेणी के लिये :** $Q_3 = \left[\frac{3(n+1)}{4}\right]$ वें पद का आकार

(ii) **सतत् श्रेणी :** $Q_3 = l + \frac{\left(\frac{3N}{4} - C\right)}{f} \times i$

(4) **दशमक** (Decile) **:** दशमक, कुल बारम्बारता N को 10 बराबर भागों में विभाजित करता है।

$D_j = l + \frac{\frac{N \times j}{10} - C}{f} \times i$ [j = 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9]

यदि j = 5, तब $D_5 = l + \frac{\frac{N}{2} - C}{f} \times i$. अतः D_5 को माध्यिका भी कहते हैं।

(5) **शतमक** (Percentile) **:** शतमक, कुल बारम्बारता N को 100 बराबर भागों में विभाजित करता है।

$P_k = l + \frac{\frac{N \times k}{100} - C}{f} \times i$; जहाँ k = 1, 2, 3, 4, 5,.......,99.

बहुलक (Mode)

किसी सतत् श्रेणी के लिये, सांख्यिकीय आँकड़ों में जिस पद की बारम्बारता अधिकतम हो, वह पद बहुलक कहलाता है।

बहुलक $= l_1 + \left[\frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2}\right] \times i$

जहाँ, l_1 = बहुलक वर्ग की निम्न सीमा

f_1 = बहुलक वर्ग की बारम्बारता

f_0 = बहुलक वर्ग के पूर्व वर्ग की बारम्बारता

f_2 = बहुलक वर्ग से अगले वर्ग की बारम्बारता

i = बहुलक वर्ग का आकार

सममित बंटन (Symmetric distribution)

यदि माध्य, बहुलक तथा माध्यिका के मान सम्पाती हों, तब यह सममिति, सममित बंटन कहलाती है।

सममित बंटन में बारम्बारता वक्र के केन्द्रीय बिन्दु के दोनों ओर बारम्बारतायें सममित रुप से वितरित होती है।



एक बंटन जो कि सममित नहीं है, विषम वितरण कहलाता है।

किसी दुर्बल असममित बंटन के लिये माध्य, माध्यिका तथा बहुलक में प्रायः निम्न सम्बन्ध प्राप्त होता है।

माध्य – बहुलक = 3(माध्य – माध्यिका) $\Rightarrow$ बहुलक = 3 माध्यिका – 2 माध्य

पाई तालिका या पाई चित्रा (Pie chart or Pie diagram)

पाई चित्र में एक वृत्त को संगत तालिका में अवयवों की संख्या के बराबर खण्डों में विभाजित किया जाता है। सम्पूर्ण चित्र पाई (pie) के समान प्रतीत होता है तथा इसके घटक, पाई (Pie) से काटे गये खण्ड के रूप में प्रतीत होते हैं।

पाई चित्र में प्रत्येक पद का एक क्षेत्र होता है, जिसका क्षेत्रफल, पद के मान के अनुसार कुल क्षेत्रफल का एक निश्चित प्रतिशत होता है। यदि कुल पदों का मान N तथा किसी विशेष पद से सम्बन्धित पद का मान n_1 है, तब इस पद के लिये खण्ड का क्षेत्रफल $=\left(\frac{n_1}{N}\right)\times 360°$, (चूँकि पूर्ण वृत्तीय चाप द्वारा केन्द्र पर अन्तरित कोण 360° होता है।)

विक्षेपण की माप (Measure of dispersion)

विक्षेपण वह गुण है, जो किसी श्रेणी के पदों का माध्य के परितः बिखराव या प्रर्कीणन (scatter) बताता है।

मुख्यतः चार प्रकार के विक्षेपण हैं

(1) परिसर (Range)

(2) माध्य विचलन (Mean deviation)

(3) मानक विचलन (Standard deviation)

(4) वर्ग विचलन (Square deviation)

(1) **परिसर** (Range) : किसी चर के अधिकतम तथा न्यूनतम मानों के अन्तर को परिसर कहते हैं। परिसर $= X_{max} - X_{min}$

परिसर गुणांक $=\frac{x_{\max}-x_{\min}}{x_{\max}+x_{\min}}$.

जहाँ X_{max} तथा X_{min} क्रमशः चर के अधिकतम तथा न्यूनतम मान है।

परिसर, केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप नहीं है। परिसर का उपयोग मुख्यतः उत्पादन की गुणवत्ता से सम्बन्धित सांख्यिकीय श्रेणी में होता है।

(i) **अन्तःचतुर्थक परिसर** (Inter-quartile range) : चतुर्थक वह परिमाण है, जो बंटन को चार बराबर भागों में विभाजित करता है। अन्तः चतुर्थक परिसर, तृतीय तथा प्रथम चतुर्थकों का अन्तर होता है।

अन्तःचतुर्थक परिसर $=Q_3-Q_1$

जहाँ Q_1= प्रथम चतुर्थक या निम्न चतुर्थक तथा Q_3 = तृतीय चतुर्थक या उच्च चतुर्थक

(ii) **शतमक परिसर** : यह निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है

शतमक परिसर $=P_{90}-P_{10}$

जहाँ P_{90} = 90 वाँ प्रतिशक तथा P_{10} = 10 वाँ प्रतिशक

शतमक परिसर, परिसर तथा अन्तः चतुर्थक परिसर की तुलना में अधिक श्रेष्ठ परिणाम देता है।

(iii) **चतुर्थक विचलन या अर्द्ध अन्तःचतुर्थक परिसर** (Quartile deviation or Semi inter-quartile range) : यह तृतीय तथा प्रथम चतुर्थकों के अंतर का आधा होता है, अर्थात् $\text{Q.D.}=\frac{Q_3-Q_1}{2}$ तथा चतुर्थक विचलन गुणांक $=\frac{Q_3-Q_1}{Q_3+Q_1}$.

जहाँ, Q_3= तृतीय या उच्च चतुर्थक तथा Q_1 = प्रथम या निम्न चतुर्थक

(2) **माध्य विचलन** (Mean deviation) : माध्य, माध्यिका या बहुलक से विचलनों (सभी को धनात्मक लेने पर) का आंकिक औसत माध्य विचलन कहलाता है।

(i) **जब आँकड़े अवर्गीकृत हो** : माध्य विचलन $=\frac{\Sigma|x-M|}{n}$

जहाँ, $|x-M|$ = चर का माध्य (माध्य, माध्यिका या बहुलक) से विचलन का मापांक तथा n = पदों की संख्या।

(ii) **सतत् श्रेणी के लिये माध्य विचलन** : सर्वप्रथम उस माध्य को ज्ञात करते हैं, जिससे विचलन ज्ञात करना है। तत्पश्चात् प्रत्येक चर का इस माध्य M से विचलन $dM=|x-M|$ ज्ञात करते हैं।

अब इन विचलनों को संगत बारम्बारताओं से गुणा करते है, तथा गुणनफल $f.dM$ ज्ञात करने के पश्चात् इन गुणनफलों का योग $\sum f dM$ ज्ञात करते हैं। अंत में निम्न सूत्र का उपयोग करते हैं, माध्य विचलन $=\frac{\sum f|x-M|}{n}=\frac{\sum f dM}{n}$, जहाँ, $n=\Sigma f$.

(3) **मानक विचलन** (Standard deviation) : चर के विभिन्न मानों के अपने समान्तर माध्य से विचलनों के वर्गों के समान्तर माध्य का वर्गमूल मानक विचलन कहलाता है। इसे साधारणतया ग्रीक अक्षर σ (सिगमा) से प्रदर्शित करते हैं।

(i) **मानक विचलन गुणांक** : किन्हीं दो बारम्बारता बंटनों के विक्षेपणों की तुलना करने के लिये मानक विचलन के सापेक्षिक माप की गणना की जाती है, जो कि मानक विचलन गुणांक कहलाती है। मानक विचलन गुणांक $=\frac{\sigma}{\bar{x}}$, जहाँ $\bar{x}$ समान्तर माध्य है।

(ii) **अवर्गीकृत आँकड़ों से मानक विचलन ज्ञात करना**

$$\sigma=\sqrt{\frac{\Sigma(x-\bar{x})^2}{N}}$$

जहाँ, $\bar{x}$ =श्रेणी का समान्तर माध्य, N = कुल बारम्बारता (आवृत्ति)

(iii) **अवर्गीकृत किन्तु सारणीबद्ध आँकड़ो से विचलन ज्ञात करना**

$$\sigma=\sqrt{\frac{\sum f_i(x_i-\bar{x})^2}{N}}$$

जहाँ, $\bar{x}$ = श्रेणी का आंकिक माध्य

x_i = वर्ग अंतराल का मध्य मान

f_i = x_i के संगत बारम्बारता

$N=\Sigma f$ = कुल बारम्बारता

लघु विधि :

(a) $\sigma=\sqrt{\frac{\sum fd^2}{N}-\left(\frac{\sum fd}{N}\right)^2}$ (b) $\sigma=\sqrt{\frac{\Sigma d^2}{N}-\left(\frac{\Sigma d}{N}\right)^2}$

जहाँ, $d=x-A$ = कल्पित माध्य A से विचलन

f = पद की बारम्बारता, $N=\Sigma f$ = बारम्बारताओं का योग

(4) **वर्ग विचलन** (Square deviation)

(i) **वर्ग माध्य मूल विचलन** (Root mean square deviation)

$S=\sqrt{\frac{1}{N}\sum_{i=1}^{n} f_i(x_i-A)^2}$ जहाँ, A स्वेच्छ चर तथा S वर्ग माध्य विचलन है।

(ii) **मानक विचलन तथा वर्ग माध्य मूल विचलन के मध्य सम्बन्ध** : यदि σ मानक विचलन तथा S वर्ग माध्य मूल विचलन है, तब $S^2=\sigma^2+d^2$. स्पष्टतः, S^2 न्यूनतम होगा जब $d=0$ अर्थात् $\bar{x}=A$

अतः, यदि माध्य से विचलन लिये गये हैं तब वर्ग माध्य विचलन तथा परिणामतः वर्ग माध्य मूल विचलन न्यूनतम होगा।

प्रसरण (Variance)

मानक विचलन के वर्ग को प्रसरण कहते हैं।

(1) **मानक विचलन गुणांक एवं प्रसरण** : मानक विचलन गुणांक मानक विचलन एवं माध्य का अनुपात है। अतः मानक विचलन गुणांक $=\sigma/x$

प्रसरण गुणांक = मानक विचलन गुणांक × 100 $=\frac{\sigma}{x}\times 100$

(2) **संयुक्त श्रेणी का प्रसरण**

$$\sigma^2=\frac{1}{n_1+n_2}[n_1(\sigma_1^2+d_1^2)+n_2(\sigma_2^2+d_2^2)]$$

जहाँ, $d_1=\bar{x}_1-\bar{x}, d_2=\bar{x}_2-\bar{x}$, एवं $\bar{x}=\frac{n_1\bar{x}_1+n_2\bar{x}_1}{n_1+n_2}$

विषमता (Skewness)

विषमता, सममिति में कमी की माप है। इसे γ_1 से प्रदर्शित करते हैं

$$\gamma_1 = \frac{\sum(x_i-\mu)^3}{\{\sum(x_i-\mu^2)\}^{3/2}}$$

यदि बंटन विषमीय है, तो

(i) माध्य $\neq$ माध्यिका $\neq$ बहुलक

(ii) चतुर्थक माध्यिका से बराबर दूरी पर नहीं होते हैं।

(iii) बारंबारता वक्र में एक ओर, दूसरे ओर की अपेक्षा अधिक खिंचाव (Stretch) होता है।

(1) **बंटन** (Distribution):

बंटन तीन प्रकार के होते हैं

(i) **सामान्य बंटन** (Normal distribution) : जब $\gamma_1 = 0$, तब बंटन, सामान्य बंटन कहलाता है।

इस स्थिति में, माध्य = माध्यिका = बहुलक

(ii) **धनात्मक विषमीय बंटन** (Positively skewed distribution) : जब $\gamma_1 > 0$, तब बंटन धनात्मक विषमीय बंटन कहलाता है।

इस स्थिति में, माध्य > माध्यिका > बहुलक

(iii) **ऋणात्मक विषमीय बंटन** (Negative skewed distribution) : जब $\gamma_1 < 0$, तब बंटन ऋणात्मक विषमीय बंटन कहलाता है।

इस स्थिति में, माध्य < माध्यिका < बहुलक

(2) **विषमता का अनुमापन** (Measures of skewness) :

(i) **विषमता का निरक्षेप अनुमापन**

(a) $S_k = M - M_d$

(b) $S_k = M - M_o$

(c) $S_k = Q_3 + Q_1 - 2M_d$

जहाँ, M_d = माध्यिका, M_o = बहुलक, M = माध्य है।

दो श्रेणियों की तुलना के लिये विषमता का निरपेक्ष अनुमापन उपयोगी नहीं है, अतः विषमता का परिक्षेप अनुमापन प्रयुक्त करते हैं, क्योंकि ये शुद्ध संख्यायें होती हैं।

(ii) **विषमता का परिक्षेप अनुमापन**

(a) **विषमता का कार्ल पिर्यसन गुणांक** (The karl pearson's coefficient of skewness) : $S_k = \frac{M - M_o}{\sigma} = 3\frac{(M - M_d)}{\sigma}, -3 \le S_k \le 3$

(b) **विषमता का बॉलेज गुणांक** (Bowley's coefficient of skewness) : $S_k = \frac{Q_3 + Q_1 - 2M_d}{Q_3 - Q_1}$

(c) **विषमता का कैले गुणांक** (Kelly's coefficient of skewness) : $S_k = \frac{P_{10} + P_{90} - 2M_d}{P_{90} - P_{10}} = \frac{D_1 + D_9 - 2M_d}{D_9 - D_1}$

Tips & Tricks

✍ **समान्तर माध्य से सम्बन्धित बिन्दु**

- समान्तर माध्य, अन्य माध्यों की तुलना में अधिक उपयोगी हे।
- समान्तर माध्य सभी प्रेक्षणों पर आधारित है।
- यदि प्रेक्षणों के मान बड़े है, तब वह तुलनात्मक रूप से अधिक सही तथा विश्वसनीय परिणाम देता है।

✍ **गुणोत्तर माध्य से सम्बन्धित बिन्दु**

- यह श्रेणी के सभी पदों पर आधारित है।
- यह घातांकों, औसत अनुपातों तथा प्रतिशत इत्यादि के लिए अधिक उपयोगी है।
- यदि किसी पद का आकार (मान) शून्य या ऋणात्मक हों, तब गुणोत्तर माध्य की गणना नहीं की जा सकती है।

✍ **हरात्मक माध्य से सम्बन्धित बिन्दु**

- यह श्रेणी के सभी पदों पर आधारित है।
- यह दर, अनुपातों तथा समय इत्यादि से सम्बन्धित समस्याओं के लिए अधिक उपयोगी है।
- समान्तर माध्य $\ge$ गुणोत्तर माध्य $\ge$ हरात्मक माध्य तथा (गुणोत्तर माध्य)^2 = (समान्तर माध्य) (हरात्मक माध्य)

✍ **माध्यिका से सम्बन्धित बिन्दु**

- यह एक निर्दिष्ट औसत है, जिसका उपयोग गुणात्मक आँकड़ो जैसे बुद्धिमानी, समृद्धि, ईमानदारी आदि में आसानी से किया जा सकता है।
- बीजगणितीय चिन्हों को छोड़ने पर, माध्यिका से पदों के विचलनों का योग, किसी अन्य बिन्दु से विचलनों के योग से कम होता है।

✍ समान्तर माध्य बड़े मानों के लिए उपयोगी होता है, जब कि गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य छोटे मानों के लिए उपयोगी होते हैं।

✍ **बहुलक से सम्बन्धित बिन्दु**

- यह सभी प्रेक्षणों पर आधारित नहीं है।
- यह आवश्यक नहीं है कि किसी वितरण का बहुलक अद्वितीय है।
- अन्य औसतों की तुलना में बहुलक, प्रेक्षणों में परिवर्तन से सर्वाधिक परिवर्तित होता है।
- यह उस स्थिति में उपयोगी नहीं हैं, जब पदों की सापेक्षिक महत्ता पर विचार किया जाता है।

✍ विक्षेपण का माध्य गुणांक $= \frac{\text{माध्य से माध्य विचलन}}{\text{माध्य}}$

✍ विक्षेपण का माध्यिका गुणांक $= \frac{\text{माध्यिका से माध्य विचलन}}{\text{माध्यिका}}$

✍ विक्षेपण का बहुलक गुणांक $= \frac{\text{बहुलक से माध्य विचलन}}{\text{बहुलक}}$

✍ चतुर्थक विचलन श्रेणी के चरम मानों द्वारा न्यूनतम प्रभावित होता है।

✍ माध्य विचलन श्रेणी के सभी पदों पर आधारित होता है। यह परिसर (range) और चतुर्थक विचलन (quartile deviation) की तुलना में अधिक सही परिणाम देता है।

✍ मध्यिका से माध्य विचलन, किसी अन्य माध्य से माध्य विचलन की तुलना में कम होता है।

✍ मानक विचलन ? परिसर अर्थात् प्रसरण ? (परिसर)^2.

✍ विक्षेपण की मापों के मध्य प्रेक्षणात्मक सम्बन्ध

- माध्य विचलन $= 4/5$ (मानक विचलन)
- अर्द्ध अंतः चतुर्थक परिसर $= 2/3$ (मानक विचलन)

✍ अर्द्ध अन्तः चतुर्थक परिसर $= \frac{5}{6}$ (माध्य विचलन).

✍ सममित वितरण के लिए निम्नलिखित क्षेत्रीय सम्बन्ध होते हैं

$\overline{X} \pm \sigma$, 68.27% वस्तुएँ जो इस परास (range) में हैं।

$\overline{X} \pm 2\sigma$, 95.45% वस्तुएँ जो इस परास (range) में हैं।

$\overline{X} \pm 3\sigma$, 99.74% वस्तुएँ जो इस परास (range) में हैं।

✍ प्रथम n प्राकृत संख्याओं का मानक विचलन $= \sqrt{\frac{n^2-1}{12}}$.

Ordinary Thinking

Objective Questions

माध्य

1. यदि 3, 4, x, 7, 10 का माध्य 6 हो, तब x का मान है
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

2. किसी समूह की संख्याओं का माध्य $\bar{x}$ है। यदि प्रत्येक संख्या को λ से गुणा किया जाये, तब नये समूह का माध्य होगा
(a) $\bar{x}$ (b) $\lambda + \bar{x}$
(c) $\lambda\bar{x}$ (d) इनमें से कोई नहीं

3. असतत् प्रेक्षणों $y_1, y_2, ..., y_n$ का माध्य है [DCE 1999]
(a) $\frac{\sum_{i=1}^{n} y_i}{n}$ (b) $\frac{\sum_{i=1}^{n} y_i}{\sum_{i=1}^{n} i}$
(c) $\frac{\sum_{i=1}^{n} y_i f_i}{n}$ (d) $\frac{\sum_{i=1}^{n} y_i f_i}{\sum_{i=1}^{n} f_i}$

4. कल्पित माध्य 'a' से वर्गांक y_i का विचलन d_i है तथा f_i बारम्बारता है। यदि $M_g = x + \frac{1}{\Sigma f_i}(\Sigma f_i d_i)$, तब x है
(a) निम्न सीमा (b) कल्पित माध्य
(c) प्रेक्षणों की संख्या (d) वर्ग का आकार

5. किसी समूह के प्रेक्षणों का माध्य $\bar{x}$ है। यदि प्रत्येक प्रेक्षण को α से विभाजित किया जाए, $\alpha \neq 0$ तथा इसके बाद 10 से बढ़ाया जाए, तब नये समूह का माध्य है
(a) $\frac{\bar{x}}{\alpha}$ (b) $\frac{\bar{x}+10}{\alpha}$
(c) $\frac{\bar{x}+10\alpha}{\alpha}$ (d) $\alpha\bar{x}+10$

6. यदि संख्याओं $27+x$, $31+x$, $89+x$, $107+x, 156+x$ का माध्य 82 है, तब $130+x, 126+x, 68+x, 50+x, 1+x$ का माध्य है [Kerala PET 2001]
(a) 75 (b) 157
(c) 82 (d) 80

7. दी गई संख्याओं का बारम्बारता बंटन निम्न है

मान :	1	2	3	4
बारम्बारता :	5	4	6	f

यदि माध्य 3 है, तब f का मान है
(a) 3 (b) 7
(c) 10 (d) 14

8. यदि संख्याओं $x_1, x_2, x_3, ..., x_n$ का समान्तर माध्य $\bar{x}$ है, तब संख्याओं $ax_1+b, ax_2+b, ax_3+b, ... ax_n+b$ का समान्तर माध्य, जहाँ a, b दो अचर हैं, है
(a) $\bar{x}$ (b) $n\,a\bar{x}+nb$
(c) $a\bar{x}$ (d) $a\bar{x}+b$

9. संख्याओं $3, 3^2, 3^3, ..., 3^n$ का गुणोत्तर माध्य है [Pb. CET 1997]
(a) $3^{2/n}$ (b) $3^{(n-1)/2}$
(c) $3^{n/2}$ (d) $3^{(n+1)/2}$

10. n प्रेक्षणों के व्युत्क्रमों के माध्य का व्युत्क्रम, n प्रेक्षणों का है [AMU 1985]
(a) समान्तर माध्य (b) गुणोत्तर माध्य
(c) हरात्मक माध्य (d) इनमें से कोई नहीं

11. 3, 7, 8, 10, 14 का हरात्मक माध्य है
(a) $\frac{3+7+8+10+14}{5}$ (b) $\frac{1}{3}+\frac{1}{7}+\frac{1}{8}+\frac{1}{10}+\frac{1}{14}$
(c) $\frac{\frac{1}{3}+\frac{1}{7}+\frac{1}{8}+\frac{1}{10}+\frac{1}{14}}{4}$ (d) $\frac{5}{\frac{1}{3}+\frac{1}{7}+\frac{1}{8}+\frac{1}{10}+\frac{1}{14}}$

12. यदि 20 प्रेक्षणों का 30 से विचलनों का बीजगणितीय योग 20 है, तब प्रेक्षणों का माध्य है
(a) 30 (b) 30.1
(c) 29 (d) 31

13. प्रथम n प्राकृत संख्याओं का भारित माध्य (Weighted mean) जिनके मान संगत संख्याओं के वर्गों के बराबर हैं [Pb. CET 1989]
(a) $\frac{n+1}{2}$ (b) $\frac{3n(n+1)}{2(2n+1)}$
(c) $\frac{(n+1)(2n+1)}{6}$ (d) $\frac{n(n+1)}{2}$

14. किसी बंटन के मानों $1, \frac{1}{2}, \frac{1}{3}, \frac{1}{4}, \frac{1}{5}, ... \frac{1}{n}$ की बारम्बारतायें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5, ... n हैं, तब माध्य है
(a) 1 (b) n
(c) $\frac{1}{n}$ (d) $\frac{2}{n+1}$

15. किसी समूह के प्रेक्षणों की संख्या 40 है। यदि प्रथम 10 प्रेक्षणों का औसत 4.5 तथा शेष 30 का औसत 3.5 है, तब सम्पूर्ण समूह का औसत है [AMU 1992; DCE 1996]
(a) $\frac{1}{5}$ (b) $\frac{15}{4}$
(c) 4 (d) 8

16. एक छात्र तीन विषयों में 75%, 80% तथा 85% अंक प्राप्त करता है। यदि दूसरे विषय के अंक जोड़े जाये, तब इसका औसत निम्न से कम नहीं हो सकता है
(a) 60% (b) 65%
(c) 80% (d) 90%

17. आदमियों तथा औरतों के संयुक्त समूह की माध्य आयु 30 वर्ष है यदि आदमियों तथा औरतों की आयु के माध्य क्रमशः 32 तथा 27 हैं, तब समूह में औरतों का प्रतिशत है
(a) 30 (b) 40
(c) 50 (d) 60

18. किसी समूह की 50 सँख्याओं का समान्तर माध्य 38 है। यदि समूह की दो संख्यायें 55 तथा 45 हटा दी जायें, तब शेष संख्याओं के समूह का समान्तर माध्य है [Kurukshetra CEE 1993]
(a) 38.5 (b) 37.5
(c) 36.5 (d) 36

19. एक गाड़ी चालक धरातल से हिल स्टेशन तक 120 किमी की दूरी 30 किमी/घंटा की औसत चाल से तय करता है तथा वापसी यात्रा 25 किमी/घंटा की दर से तय करता है। वह धरातल पर अन्य 120

किमी की दूरी 50 किमी / घंटा के वेग से तय करता है। तब 360 किमी की सम्पूर्ण यात्रा की औसत चाल है

(a) $\frac{30+25+50}{3}$ किमी / घंटा

(b) $(30\,.\,25\,.\,50)^{\frac{1}{3}}$

(c) $\frac{3}{\frac{1}{30}+\frac{1}{25}+\frac{1}{50}}$ किमी / घंटा

(d) इनमें से कोई नहीं

20. किसी कक्षा के 35 छात्रों का औसत भार 40 किग्रा है। यदि इसमें शिक्षक का भार शामिल किया जाये, तब औसत $\frac{1}{2}$ किग्रा बढ़ जाता है, शिक्षक का भार है [Kerala (Engg.) 2002]

(a) 40.5 किग्रा (b) 50 किग्रा
(c) 41 किग्रा (d) 58 किग्रा

21. यदि दो प्रेक्षणों के माध्य $\bar{x}_1$ तथा $\bar{x}_2$ इस प्रकार हैं कि $\bar{x}_1 < \bar{x}_2$ तथा संयुक्त बंटन का माध्य $\bar{x}$ है, तब

(a) $\bar{x} < \bar{x}_1$ (b) $\bar{x} > \bar{x}_2$
(c) $\bar{x} = \frac{\bar{x}_1+\bar{x}_2}{2}$ (d) $\bar{x}_1 < \bar{x} < \bar{x}_2$

22. n प्रेक्षणों का समान्तर माध्य M है। यदि $n-4$ प्रेक्षणों का योग a है, तब शेष 4 प्रेक्षणों का माध्य है

(a) $\frac{nM-a}{4}$ (b) $\frac{nM+a}{2}$
(c) $\frac{nM-A}{2}$ (d) $nM+a$

23. यदि बंटन का माध्य 2.6 है, तब y का मान है [Kurukshetra CEE 2001]

चर x	1	2	3	4	5
x की बारम्बारता f	4	5	y	1	2

(a) 24 (b) 13
(c) 8 (d) 3

24. 100 छात्रों की एक कक्षा में 70 लड़के है, जिनके किसी विषय में औसत अंक 75 है। यदि सम्पूर्ण कक्षा के औसत अंक 72 है, तब लड़कियों के औसत अंक हैं [AIEEE 2002]

(a) 73 (b) 65
(c) 68 (d) 74

25. यदि समूह की संख्याओं $x_1, x_2, x_3, ..., x_n$ का माध्य $\bar{x}$ है, तब संख्याओं $x_i + 2i$, $1 \le i \le n$ का माध्य है [Pb. CET 1988]

(a) $\bar{x}+2n$ (b) $\bar{x}+n+1$
(c) $\bar{x}+2$ (d) $\bar{x}+n$

26. संख्याओं 4, 8, 16 का हरात्मक माध्य है [AMU 1995]

(a) 6.4 (b) 6.7
(c) 6.85 (d) 7.8

27. 100 पदों का माध्य 49 है। बाद में यह पाया गया, कि तीन पद जो कि 60, 70, 80 होना चाहियें, गलती से क्रमशः 40, 20, 50 पढ़े गये थे। सही माध्य है [Kurukshetra CEE 1994]

(a) 48 (b) $82\frac{1}{2}$
(c) 50 (d) 80

28. एक विद्यालय की कक्षा XII में रसायन के 4 विभाग हैं जिनमें 40, 35, 45 तथा 42 छात्र हैं। इन चार विभागों द्वारा रसायन के प्रश्न–पत्र में प्राप्त माध्य अंक क्रमशः 50, 60, 55 तथा 45 हैं, तब सभी विभागों का प्रति विद्यार्थी अंको का औसत है [Pb. CET 2000]

(a) 53 (b) 45
(c) 55.3 (d) 52. 25

29. 5 संख्याओं का माध्य 18 है। यदि एक संख्या को निकाल दिया जाए तब माध्य 16 रह जाता है तब निकाली गई संख्या है [Pb. CET 2001]

(a) 18 (b) 25
(c) 26 (d) 30

30. 7 छात्रों के किसी समूह में प्रति छात्र माध्य भार 55 किग्रा है। यदि 6 छात्रों के भार क्रमशः 52, 58, 55, 53, 56 तथा 54 है तब 7 वें छात्र का भार होगा [Pb. CET 2002]

(a) 55 किग्रा (b) 60 किग्रा
(c) 57 किग्रा (d) 50 किग्रा

31. किसी वितरण के वर्ग अंक 6,10, 14, 18, 22, 26, 30 हैं, तब वर्ग आकार है [Pb. CET 2004]

(a) 4 (b) 2
(c) 5 (d) 8

32. माना $x_1, x_2, ..., x_n$, n प्रेक्षण इस प्रकार हैं कि, $\sum x_i^2 = 400$ तथा $\sum x_i = 80$ तब निम्न में से n का सम्भावित मान है [AIEEE 2005]

(a) 9 (b) 12
(c) 15 (d) 18

माध्यिका तथा बहुलक

1. निम्न में से कौनसी केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप छात्रों की गणनात्मक बुद्धिमत्ता ज्ञात करने के लिये सार्वाधिक उपयोगी है [Kurukshetra CEE 1995]

(a) बहुलक (b) समान्तर माध्य
(c) गुणोत्तर माध्य (d) माध्यिका

2. किसी समूह के प्रेक्षणों का केन्द्रीय मान कहलाता है

(a) माध्य (b) माध्यिका
(c) बहुलक (d) गुणोत्तर माध्य

3. किसी बारम्बारता बंटन के लिये, 7 वॉ दशमक (decile) निम्न में से किस सूत्र द्वारा ज्ञात करते हैं

(a) $D_7 = l + \frac{\left(\frac{N}{7}-C\right)}{f} \times i$ (b) $D_7 = l + \frac{\left(\frac{N}{10}-C\right)}{f} \times i$

(c) $D_7 = l + \frac{\left(\frac{7N}{10}-C\right)}{f} \times i$ (d) $D_7 = l + \frac{\left(\frac{10N}{7}-C\right)}{f} \times i$

4. असतत् ऑकड़ों के लिये निम्न में से कौन सा माध्यिका के बराबर नहीं है

(a) 50 वॉं शतमक (b) 5वॉं दशमक
(c) द्वितीय चतुर्थक (d) निम्न चतुर्थक

5. सँख्याओं 10, 14, 11, 9, 8, 12, 6 की माध्यिका है [Kurukshetra CEE 1997]

(a) 10 (b) 12
(c) 14 (d) 11

6. किसी समूह के प्रेक्षणों के लिये माध्यिका M, द्वितीय चतुर्थक Q_2, 5वें दशमक D_5 तथा 50 वें शतमक P_{50} के मध्य सम्बन्ध है [AMU 1990]

(a) $M = Q_2 = D_5 = P_{50}$ (b) $M < Q_2 < D_5 < P_{50}$
(c) $M > Q_2 > D_5 > P_{50}$ (d) इनमें से कोई नहीं

7. सममित बंटन के लिये $Q_1 = 25$ तथा $Q_3 = 45$, तब माध्यिका है
(a) 20 (b) 25
(c) 35 (d) इनमें से कोई नहीं

8. यदि एक चर, असतत् मान $\alpha - 4, \alpha - \frac{7}{2}, \alpha - \frac{5}{2}, \alpha - 3, \alpha - 2,$ $\alpha + \frac{1}{2}, \alpha - \frac{1}{2}, \alpha + 5 \, (\alpha > 0)$ ग्रहण करता है, तब माध्यिका है [DCE 1997; Pb. CET 1988]
(a) $\alpha - \frac{5}{4}$ (b) $\alpha - \frac{1}{2}$
(c) $\alpha - 2$ (d) $\alpha + \frac{5}{4}$

9. निम्नलिखित बंटन के लिये उच्च चतुर्थक किस पद द्वारा प्राप्त होता है

पद का आकार	1	2	3	4	5	6	7
बारम्बारता	2	4	5	8	7	3	2

(a) $\left(\frac{31+1}{4}\right)$वाँ पद (b) $\left[2\left(\frac{31+1}{4}\right)\right]$वाँ पद
(c) $\left[3\left(\frac{31+1}{4}\right)\right]$वाँ पद (d) $\left[4\left(\frac{31+1}{4}\right)\right]$वाँ पद

10. किसी समूह के 9 विभिन्न प्रेक्षणों की माध्यिका 20.5 है। यदि समूह के 4 बड़े प्रेक्षणों का मान 2 बढ़ाया जाये, तब नये समूह की माध्यिका का मान [AIEEE 2003]
(a) 2 बढ़ जायेगा
(b) 2 कम हो जायेगा
(c) मूल माध्यिका का दो गुना हो जायेगा
(d) मूल माध्यिका के समान ही रहेगा

11. एक बहुलक की सतत् श्रेणी के लिए सूत्र है
(a) $l + \frac{f_{m-1}}{f_m - f_{m-1} - f_{m+1}} \times C$ या $l + \left(\frac{f_1}{f_m - f_1 - f_2}\right) \times i$
(b) $l = \frac{f_m - f_{m-1}}{f_m - f_{m-1} - f_{m+1}} \times C$ या $l + \frac{f_m - f_1}{f_m - f_1 - f_2} \times i$
(c) $l + \frac{f_m - f_{m-1}}{2f_m - f_{m-1} - f_{m+1}} \times C$ या $l + \frac{f_m - f_1}{2f_m - f_1 - f_2} \times i$
(d) $l + \frac{2f_m - f_{m-1}}{f_m - f_{m-1} - f_{m+1}} \times C$ या $l + \frac{2f_m - f_1}{f_m - f_1 - f_2} \times i$

12. संख्याओं का एक समूह तीन बार 4, पाँच बार 5, छः बार 6, आठ बार 8 तथा सात बार 10 रखता है, तब संख्याओं के समूह का बहुलक है [AMU 1989]
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 10

13. निम्नलिखित पदों 0, 1, 6, 7, 2, 3, 7, 6, 6, 2, 6, 0, 5, 6, 0 का बहुलक है [AMU 1995]
(a) 0 (b) 5
(c) 6 (d) 2

14. निम्नलिखित बंटन का बहुलक है [AMU 1988]

प्राप्तांक	4	5	6	7	8
छात्रों की संख्या	6	7	10	8	3

(a) 5 (b) 6
(c) 8 (d) 10

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें [AIEEE 2004]
(1) बहुलक लेखाचित्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है
(2) माध्यिका पैमाने के परिवर्तन से स्वतंत्र नहीं होती है
(3) प्रसरण मूलबिन्दु तथा पैमाने के परिवर्तन से स्वतंत्र होता है
इनमें से कौनसा/कौनसे कथन सत्य है
(a) (1), (2) तथा (3) (b) केवल (2)
(c) केवल (1) तथा (2) (d) केवल (1)

माध्य, माध्यिका तथा बहुलक में सम्बन्ध, पाई चित्र

1. यदि माध्य = (3 माध्यिका– बहुलक) k, तब k का मान है
(a) 1 (b) 2
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{3}{2}$

2. यदि किसी दुर्बल असममित बंटन के बहुलक तथा माध्य क्रमशः 7 तथा 4 हैं, तब माध्यिका है [AIEEE 2005]
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

3. यदि किसी दुर्बल असममित बंटन के बहुलक तथा माध्य क्रमशः 6λ तथा 9λ हैं, तब माध्यिका है [Pb. CET 1988]
(a) 8λ (b) 7λ
(c) 6λ (d) 5λ

4. निम्न में से कौनसा केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप नहीं है [Pb. CET 1989]
(a) माध्य (b) माध्यिका
(c) बहुलक (d) परास

5. निम्न में से सर्वाधिक स्थिर केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप है [AMU 1994]
(a) माध्य (b) माध्यिका
(c) बहुलक (d) इनमें से कोई नहीं

6. निम्न में से कौनसा औसत, चरम प्रेक्षणों से सर्वाधिक प्रभावित होता है [DCE 1995]
(a) बहुलक (b) माध्यिका
(c) समान्तर माध्य (d) गुणोत्तर माध्य

7. समाचार पत्र से निम्नलिखित आँकड़े संकलित किये गये हैं (प्रतिशत बंटन)

देश	कृषि	उद्योग	नौकरी	अन्य
भारत	45	19	28	8
यू.के.	3	40	44	13
जापान	6	48	43	3
यू.एस.ए.	3	35	61	1

यह निम्न में से किसका उदाहरण है
(a) मूल रुप से दिये गये आँकड़ों का
(b) आकृति रुप में दिये गये आँकड़ों का
(c) प्राथमिक आँकड़ों का
(d) द्वितीयक आँकड़ों का

8. किसी शहर की एक वर्ष के चार माहों में विभिन्न कारणों से मृत्यु नीचे दी गयी हैं। इन आँकड़ों के आधार पर, तीसरे चर्तुमाह (third quarter) में मृत्यु में प्रतिशत वृद्धि है



(a) 40
(b) 50
(c) 60
(d) 75

9. एक बाजार के 3900 प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों के विभिन्न आय समूहों का बंटन निम्नलिखित है

आय समूह	प्रतिष्ठानों की संख्या
150-300	300
300-500	500
500-800	900
800-1200	1000

1200-1800	1200

यदि उपरोक्त बंटन के लिये आलेख चित्र की रचना की जायें, तब आलेख चित्र का उच्चतम दण्ड (bar) किस वर्ग के संगत होगा

(a) 500-800 (b) 1200-1800
(c) 800-1200 (d) 150-300

10. किसी उद्योग के विभिन्न मदों में किये गये खर्च निम्न में से किसके द्वारा सर्वश्रेष्ठ तरीके से प्रदर्शित किये जा सकते हैं

(a) दण्ड चित्र (Bar diagram)
(b) पाई चित्र (Pie diagram)
(c) आलेख चित्र (Histogram)
(d) बारम्बारता बहुभुज (Frequency polygon)

11. किसी माह में एक परिवार के खर्च निम्न हैं :

भोजन – 560 रुपये, किराया – 420 रुपये, कपड़े – 180रुपये,
शिक्षा – 160 रुपये, अन्य मद – 120 रुपये

इन आँकड़ों को प्रदर्शित करने वाला पाई ग्राफ (Pie graph), कपड़ो पर खर्च एक वृत्त खण्ड द्वारा प्रदर्शित करता हैं, जिसका कोण है

(a) 180° (b) 90°
(c) 45° (d) 64°

12. किसी राज्य सरकार के विभागतः खर्च निम्न चित्र में प्रदर्शित हैं, तब परिवहन पर किया गया खर्च है [NDA (Sept.) 2000]



(a) 25%
(b) 30%
(c) 32%
(d) 35%

13. यदि किसी दुर्बल असममित वारम्बारता बंटन में माध्य और माध्यिका 21 और 22 हैं, तब बहुलक लगभग है [AIEEE 2005]

(a) 25.5 (b) 24.0
(c) 22.0 (d) 20.5

विक्षेपण की माप

1. विक्षेपण की माप है [DCE 1998]

(a) माध्य विचलन (b) मानक विचलन
(c) चतुर्थक विचलन (d) सभी विकल्प सही हैं

2. माध्यिका से माध्य विचलन है [Kurukshetra CEE 1995, 98]

(a) किसी अन्य मान से मापे गये विचलन से अधिक
(b) किसी अन्य मान से मापे गये विचलन से कम
(c) किसी अन्य मान से मापे गये विचलन के बराबर
(d) अधिकतम, यदि समस्त प्रेक्षण धनात्मक हैं

3. पाँच गणनाओं 1, 2, 3, 4, 5 का मानक विचलन है [AMU 1991; DCE 2000]

(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{3}{5}$
(c) $\sqrt{2}$ (d) $\sqrt{3}$

4. आँकड़ों 2, 4, 6, 8, 10 का प्रसरण है [AMU 1992]

(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) इनमें से कोई नहीं

5. संख्याओं 3, 4, 5, 6, 7 का माध्य विचलन है [AMU 1993; DCE 1998]

(a) 0 (b) 1.2
(c) 5 (d) 25

6. यदि 0, 1, 2, 3, ...,9 का मानक विचलन K है, तब 10, 11, 12, 13,.....,19 का मानक विचलन है

(a) K (b) $K+10$
(c) $K+\sqrt{10}$ (d) $10K$

7. किसी सामान्य बंटन के लिये, यदि माध्य M, बहुलक M_0 तथा माध्यिका M_d, तब

(a) $M > M_d > M_0$ (b) $M < M_d < M_0$
(c) $M = M_d M_0$ (d) $M = M_d = M_0$

8. किसी बारम्बारता बंटन के लिये माध्य से मानक विचलन की गणना निम्न में से किस सूत्र द्वारा करते हैं [DCE 1994]

(a) $\text{M.D.} = \frac{\sum d}{\sum f}$ (b) $\text{M.D.} = \frac{\sum fd}{\sum f}$
(c) $\text{M.D.} = \frac{\sum f|d|}{\sum f}$ (d) $\text{M.D.} = \frac{\sum f}{\sum f|d|}$

9. किसी बारम्बारता बंटन के लिये चतुर्थक विचलन है [DCE 1998]

(a) $Q = Q_3 - Q_1$ (b) $Q = \frac{1}{2}(Q_3 - Q_1)$
(c) $Q = \frac{1}{3}(Q_3 - Q_1)$ (d) $Q = \frac{1}{4}(Q_2 - Q_1)$

10. प्रथम n प्राकृत संख्याओं का प्रसरण है [AMU 1994; SCRA 2001]

(a) $\frac{n^2-1}{12}$ (b) $\frac{n^2-1}{6}$
(c) $\frac{n^2+1}{6}$ (d) $\frac{n^2+1}{12}$

11. किसी दुर्बल विषमीय बंटन के लिये, चतुर्थक विचलन तथा मानक विचलन के मध्य सम्बन्ध है [AMU 1996]

(a) $\text{S.D.} = \frac{2}{3}\text{Q.D.}$ (b) $\text{S.D.} = \frac{3}{2}\text{Q.D.}$
(c) $\text{S.D.} = \frac{3}{4}\text{Q.D.}$ (d) $\text{S.D.} = \frac{4}{3}\text{Q.D.}$

12. किसी बारम्बारता बंटन के लिये मानक विचलन की गणना निम्न में से किस सूत्र द्वारा करते हैं [Kurukshetra CEE 1999]

(a) $\sigma = \sqrt{\left(\frac{\sum fd}{\sum f}\right) - \frac{\sum fd^2}{\sum f}}$ (b) $\sigma = \sqrt{\frac{\sum fd^2}{\sum f} - \left(\frac{\sum fd^2}{\sum f}\right)^2}$
(c) $\sigma = \sqrt{\left(\frac{\sum fd}{\sum f}\right)^2 - \frac{\sum fd^2}{\sum f}}$ (d) $\sigma = \sqrt{\frac{\sum fd^2}{\sum f} - \left(\frac{\sum fd}{\sum f}\right)^2}$

13. किसी बारम्बारता बंटन के लिये मानक विचलन की गणना निम्न में से किस सूत्र द्वारा करते हैं

(a) $\sigma = \frac{\sum f(x-\bar{x})}{\sum f}$ (b) $\sigma = \frac{\sqrt{\sum f(x-\bar{x})^2}}{\sum f}$
(c) $\sigma = \sqrt{\frac{\sum f(x-\bar{x})^2}{\sum f}}$ (d) $\sigma = \sqrt{\frac{\sum f(x-\bar{x})}{\sum f}}$

14. यदि चतुर्थक विचलन (Q.D.) 16 है, तब मानक विचलन है

(a) 24 (b) 42
(c) 10 (d) इनमें से कोई नहीं

15. यदि माध्य विचलन (M.D.) 12 है, तब मानक विचलन है

(a) 15 (b) 12
(c) 24 (d) इनमें से कोई नहीं

16. किसी समूह के प्रेक्षणों 2, 3, 5, 9, 8, 7, 6, 5, 7, 4, 3 का परिसर (range) है

(a) 11 (b) 7

(c) 5.5 (d) 6

17. यदि प्रसरण v तथा मानक विचलन σ है, तब [Kurukshetra CEE 1995]

(a) $v^2 = \sigma$ (b) $v = \sigma^2$

(c) $v = \frac{1}{\sigma}$ (d) $v = \frac{1}{\sigma^2}$

18. यदि आँकड़ों का प्रत्येक प्रेक्षण, जिसका प्रसरण σ^2 है, λ से बढ़ाया जाता है, तब नये समूह का प्रसरण है

(a) σ^2 (b) $\lambda^2\sigma^2$

(c) $\lambda + \sigma^2$ (d) $\lambda^2 + \sigma^2$

19. प्राप्तांकों के दिये गये बंटन का माध्य 35.16 तथा मानक विचलन 19.76 है, तब प्रसरण गुणांक है

(a) $\frac{35.16}{19.76}$

(b) $\frac{19.76}{35.16}$

(c) $\frac{35.16}{19.76} \times 100$

(d) $\frac{19.76}{35.16} \times 100$

20. यदि 25% पद, 20 से कम तथा 25% पद, 40 से अधिक है, तब चतुर्थक विचलन है

(a) 20 (b) 30

(c) 40 (d) 10

21. किसी सामान्य वक्र (Normal curve) के लिये महत्तम कोटि है

(a) $2\pi\sigma$ (b) $\sigma\sqrt{2\pi}$

(c) $\frac{1}{\sqrt{2\pi\sigma}}$ (d) $\frac{1}{\sigma\sqrt{2\pi}}$

22. यदि प्रेक्षणों $x_1, x_2, ... x_n$ का प्रसरण σ^2 है, तब $ax_1, ax_2, ..., ax_n$, $\alpha \neq 0$ का प्रसरण है

(a) σ^2 (b) $a\sigma^2$

(c) $a^2\sigma^2$ (d) $\frac{\sigma^2}{a^2}$

23. किसी समूह के प्रेक्षणों – 1, 0, 4 के लिये माध्य से माध्य विचलन है

(a) $\sqrt{\frac{14}{3}}$ (b) 2

(c) $\frac{2}{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

24. संख्याओं 1, 2, 3, 4, 5, 6 का माध्य तथा मानक विचलन है

(a) $\frac{7}{2}, \sqrt{\frac{35}{12}}$ (b) 3, 3

(c) $\frac{7}{2}, \sqrt{3}$ (d) $3, \frac{35}{12}$

25. 25 संख्याओं का मानक विचलन 40 है। यदि प्रत्येक संख्या को 5 बढ़ाया गया है, तब नया मानक विचलन होगा [DCE 1995]

(a) 40 (b) 45

(c) $40 + \frac{21}{25}$ (d) इनमें से कोई नहीं

26. 15 पदों का मानक विचलन 6 है। यदि प्रत्येक पद से 1 घटा दिया जाये, तब मानक विचलन होगा [Pb. CET 1998]

(a) 5 (b) 7

(c) $\frac{91}{15}$ (d) 6

27. निम्न ऑकड़ों के लिये चतुर्थक विचलन है

x :	2	3	4	5	6
f:	3	4	8	4	1

[AMU 1988; Kurukshetra CEE 1999]

(a) 0 (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{1}{2}$ (d) 1

28. 10 प्रेक्षणों का माध्य 50 है, इस माध्य से विचलनों के वर्गों का योग 250 है। प्रसरण गुणांक का मान है [DCE 1996]

(a) 50% (b) 10%

(c) 40% (d) इनमें से कोई नहीं

